ई.सी.ओ.– 02

स्नातक उपाधि कार्यक्रम
(बी.डी.पी.)

सत्रीय कार्य
2021–2022

वाणिज्य में ऐच्छिक पाठ्यक्रम

ई.सी.ओ. – 02 : लेखाविधि – I

जुलाई 2021 तथा जनवरी 2022 प्रवेश सत्र के लिए

प्रबंध अध्ययन विद्यापीठ
इन्दिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय
मैदान गढ़ी, नई दिल्ली –**110068**

इग्नू
जन–जन का
विश्वविद्यालय

वाणिज्य में ऐच्छिक पाठ्यक्रम
ई.सी.ओ.–02 : लेखाविधि–I

सत्रीय कार्य – 2021–22

प्रिय छात्र/छात्राओ,

जैसा कि कार्यक्रम दर्शिका में स्पष्ट किया गया है, इस कार्यक्रम में आपको प्रत्येक पाठ्यक्रम के लिए एक सत्रीय कार्य करना है। सभी सत्रीय कार्य आपको एक साथ भेजे जा रहे हैं।

अंतिम परीक्षा में सत्रीय कार्य के लिए 30% अंक निर्धारित हैं। सत्रांत परीक्षा में बैठने योग्य होने के लिए यह आवश्यक है कि समय सूची के अनुसार आप इस सत्रीय कार्य को पूरा करके भेज दें। सत्रीय कार्य को करने से पहले आपको चाहिए कि कार्यक्रम दर्शिका में दिए गए निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़ लें, जिसे आपके पास अलग से भेजा गया है।

यह सत्रीय कार्य दो प्रवेश सत्र अर्थात् **(जुलाई 2021 और जनवरी 2022)** के लिए वैध है, इसकी वैधता निम्नलिखित है :–

1. जो **जुलाई 2021,** में पंजीकृत है उनकी वैधता **जून 2022** तक है।

2. जो **जनवरी 2022,** में पंजीकृत है उनकी वैधता **दिसम्बर 2022** तक है।

यदि आप जून सत्रांत परीक्षा में बैठना चाहते हैं तो इन्हें **15 मार्च** तक अवश्य जमा कर दें। यदि आप दिसम्बर सत्रांत परीक्षा में बैठना चाहते हैं तो आपके लिए आवश्यक है कि आप इसे **15 सितम्बर** तक अध्ययन केंद्र के संयोजक के पास जमा कर दें।

अध्यापक जाँच सत्रीय कार्य

पाठ्यक्रम का कोड	**:**	**ई. सी. ओ. -02**
पाठ्यक्रम का शीर्षक	**:**	**लेखाविधि-I**
स्त्रीय कार्य का कोड	**:**	**ई. सी. ओ. -02/टी. एम. ए./ 2021-2022**
खण्डों की संख्या	**:**	**सभी खण्ड**

अधिकतम अंक : 100

सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

1. बैंक समाधान विवरण क्या है ? यह कैसे तैयार किया जाता है ? बैंक समाधान विवरण के लाभों का उल्लेख कीजिए। **(3, 7, 10)**

2. निम्नलिखित समायोजनों के लिए रोजनामया प्रविष्टियाँ कीजिए तथा किसी उद्यम के अंतिम लेखा तैयार करते समय इन समायोजनों के लेखांकन व्यवहार की व्याख्या कीजिए । **(4x5)**

ii)	पूर्वदत्त व्यय	5,000 रु
iii)	आहरण पर ब्याज	1,000 रु
iiii)	अशोध्य ऋणों के लिए प्रावधान	3,000 रु
iiv)	चोरी से माल की हानि	6,000 रु
iv)	स्टॉक की असामान्य हानि	5,000 रु

3. **(क)** उन मदों के नाम बताइए जिनका लेखा परेषण खाते में बीजक मूल्य पर किया जाता है ? प्रत्येक मद के संबंध में भार के समायोजन के लिए की जाने वाली प्रविष्टियों का उल्लेख कीजिए । **(10)**

(ख) "संयुक्त उपक्रम अस्थायी साझेदारी है।" इस कथन की व्याख्या कीजिए तथा स्पष्ट कीजिए कि यह साझेदारी से किस प्रकार भिन्न होता है। **(10)**

4. संपरिवर्तन विधि से आप क्या समझते हैं ? इकहरी लेखा प्रणाली के आधार पर तैयार किये गए लेखों को दोहरा लेखा प्रणाली के लेखों में परिवर्तित करने के लिए आप कौन कौन से कदम उठाएंगे। **(5, 15)**

5. निम्नलिखित में भेद कीजिए : **(10, 10)**

(क) प्राप्ति एवं भुगतान खाता तथा रोकड़ बही

(ख) आय एवं व्यय खाता तथा लाभ हानि खाता